Dainik Jagran, Meerut, 02/04/2026
Page No: 3, Size: 8.70cm × 34.55cm

परतापुर से मोदीपुरम तक 22 किमी बिछाई जाएगी पीएनजी लाइन

जागरण संवाददाता, मेरठ : घर, होटल, व्यावसायिक संस्थान, उद्योग, मैस आदि में अब पीएनजी कनेक्शन की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके लिए जहां भी पाइप लाइन नहीं पहुंच पाई है वहां प्राथमिकता पर कार्य होगा। इसी कड़ी में गेल गैस लिमिटेड ने तैयारी की है कि जल्द ही वह दिल्ली-दून हाईवे पर परतापुर से मोदीपुरम स्टेशन तक 22 किमी लंबी पाइप लाइन बिछाएगा। परतापुर से मुजफ्फरनगर दिशा में यह पाइप बिछाई जाएगी, मुजफ्फरनगर से परतापुर की दिशा में लाइन पहले से है। बुधवार को मुख्यसचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग की, जिसमें गेल गैस लिमिटेड ने प्रस्तावित तैयारी की जानकारी दी। एलपीजी की समस्या के बीच अब पीएनजी अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शासन ने समीक्षा की कि गेल गैस लिमिटेड को एनओसी की समस्या किन विभागों से आ रही है। समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि शासन की प्राथमिकता को देखते हुए हाल ही में एनएचएआइ से दो एनओसी और नगर निगम से सात एनओसी मिल चुकी है। नगर निगम के विभिन्न वार्डों में में लगभग 100 किमी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। वहीं परतापुर से मोदीपुरम तक 22 किमी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। गेल गैस लिमिटेड मेरठ क्षेत्र के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि एक साल में 200 किमी लंबी नई लाइन बिछाई जाएगी। वर्तमान में पूरे शहर में 1700 किमी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है।